अमर उजाला 25/09/2024

समारोह में ली स्वच्छता रखने की शपथ

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के एनसीसी (लड़कियों और लड़कों) विंग, एनएसएस सेल और युवा रेडक्रॉस सेल के संयुक्त सहयोग से स्वच्छता पर शपथ समारोह का आयोजन किया। यह आयोजन कॉलेज प्राचार्य डॉ रोहित दत्त के निर्देशन और डॉ सीमा कंसल की अगुवाई में हुआ। शपथ का आयोजन कंपनी क्वार्टर मास्टर सार्जेंट रिया मेहरा की ओर से दिए समारोह में डॉ. सीमा कंसल, एएनओ डॉ. नैन, सीटीओ डॉ. तृप्ति शर्मा, डॉ. सरोज बाला और डॉ. राकेश कुमार के साथ लगभग 61 कैडेट्स और 43 छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। इस मौके पर स्वच्छता रैली का भी आयोजन किया। रैली को कॉलेज प्राचार्य ने झंडी दिखाकर रवाना किया। संवाद